MAHD-03

June - Examination 2026
M.A. (Previous) Examination
HINDI
हिन्दी साहित्य का इतिहास
Paper : MAHD-03

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
   (i) आदिकाल को 'सिद्ध सामन्त काल' नाम किसने और क्यों दिया?
   (ii) किन्हीं चार रासो ग्रन्थों के नाम लिखिए।
   (iii) निर्गुण भक्ति साहित्य की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
   (iv) 'रीतिकाल काल' को 'अलंकृत काल' किसने और क्यों कहा?
   (v) किन्हीं दो रामभक्त कवियों के नाम व उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।
   (vi) प्रयोगवाद के प्रवर्तक का नाम बताते हुए किन्हीं तीन कवियों के नाम लिखिए।
   (vii) द्विवेदी युग के प्रमुख तीन कवियों के नाम लिखिए।
   (viii) 'छायावाद चतुष्ट्य' के नाम से प्रसिद्ध कवियों के नाम लिखिए।

खण्ड–'ब' **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।
3. कृष्ण भक्ति काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।
4. रीतिबद्ध कवियों से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट करते हुए रीतिबद्ध काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।
5. भारतेन्दु युग के साहित्य की विशेषताएँ लिखिए।
6. साठोत्तरी कविता से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट करते हुए साठोत्तरी कविता की विशेषताएँ लिखिए।
7. कहानी एवं उपन्यास में अन्तर बताइए।
8. 'रिपोर्ताज' का अर्थ स्पष्ट करते हुए हिन्दी में रिपोर्ताज लेखन की परम्परा पर प्रकाश डालिए।
9. शुक्लोत्तर आलोचना पद्धतियों पर प्रकाश डालिए।

खण्ड–'स' **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. छायावाद के प्रमुख कवियों का उल्लेख करते हुए छायावादी काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

11. हिन्दी निबन्ध के विकास में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के योगदान को रेखांकित कीजिए।

12. नई कविता की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए –

    (क) हिन्दी आँचलिक उपन्यास।

    (ख) जयशंकर प्रसाद के नाटक।

    (ग) प्रगतिवाद।

    (घ) सूफी काव्य की प्रवृत्तियाँ।
